# रोज़गार समाचार

## सप्ताह का प्रश्न

विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस 1969 से हर साल 17 मई को मनाया जा रहा है. अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU) की स्थापना इसी दिन की गयी थी. पहली अंतरराष्ट्रीय टेलीग्राफ संधि पर 17 मई 1865 को पेरिस में हस्ताक्षर किये गये और इसके साथ ही ITU की स्थापना हुई. इस दिवस को मनाने का उद्देश्य उन संभावनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करना है जो इंटरनेट तथा अन्य सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों (ICT) के इस्तेमाल से समाजों और अर्थव्यवस्थाओं में पैदा हो सकती हैं. यह दिन हमें डिजिटल विभाजन को खत्म करने के तरीकों के बारे में सोचने के लिये भी प्रेरित करता है. भारत की डिजिटल क्रांति इस संबंध में परिवर्तनकारी रही है. आपको इस क्रांति का लाभ कैसे मिला है और अपने इर्दगिर्द आपने किस तरह के बदलाव देखे हैं?

अंग्रेज़ी/हिंदी/उर्दू में अपनी प्रविष्टियों को 17/5/2023 तक writetous.en@ gmail.com पर भेजें, जो 200 से 250 शब्दों से अधिक नहीं हो. प्रविष्टियां भेजने वाले अपना नाम, उम्र, पूरा पता, ई-मेल आईडी और संपर्क नंबर का स्पष्ट उल्लेख करें. सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि को एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/ रोज़गार समाचार (अंक दिनांक 27 मई-2 जून 2023) में प्रकाशित किया जाएगा और विजेता की इच्छा के अनुसार योजना/ कुरुक्षेत्र/ आजकल की प्रतियां तीन महीने तक निःशुल्क भेजी जाएंगी.